प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवामें,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः–शि0नि0(बे0)/नियोजन/13904-14002 /2026–27 दिनांकः 02 जून, 2026

**विषयः प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों (अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित) में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (CWCN) अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डेन, पूर्ण कालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोईयॉ एवं आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–।/1228587/2026 दिनांक 05.02.2026 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों (अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित) में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक (CWCN) अनुदेशक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डेन, पूर्ण कालिक शिक्षक/शिक्षिका एवं प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोईयॉ एवं आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में है।

अवगत कराना है कि उपरोक्त के अनुपालन हेतु शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0 लखनऊ में दिनांक 04.06.2026 मध्याह्न 12:00 बजे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है, जिसमें साचीज द्वारा सम्बन्धित कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जायेगा।

अतः जनपद में उक्त योजना के क्रियान्वयन हेतु सम्बन्धित कार्मिक को नोडल नामित करते हुए कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में लैपटॉप आदि सहित ससमय प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः–उक्तवत्।**

भवदीय,
2.6.2026
**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

पृष्ठांकन संख्याः शि0नि0(बे0)/नियोजन/13904-14002 /2026–27 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन के संज्ञानार्थ।
2– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प0 लखनऊ।
3– निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 लखनऊ।
4– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, साचीज, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि तकनीकी टीम को उक्त प्रशिक्षण हेतु ससमय उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
5– अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0 प्रयागराज।
6– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
7– समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि जनपद से प्रशिक्षण में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

2.6.2026
**(अनिल भूषण चतुर्वेदी)**
शिक्षा निदेशक (बेसिक),
उत्तर प्रदेश लखनऊ।